an>

title: Need to expedite the Ramganj Mandi - Bhopal Railway line project and also provide funds for the purpose.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) ः मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ मध्य प्रदेश का अधिकांश भाग स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् आज भी रेल सुविधाओं से वंचित है। क्षेत्र में साधन-संसाधन प्रचुर मात्रा में होने के बाद भी प्रबल राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो रहा है। रामगंजमंडी-भोपाल रेल लाईन क्षेत्र की जीवनरेखा कहलाने की बजाए तीन दशकों बाद भी निर्माणाधीन है। जिसे माननीय प्यारेलाल जी खंडेलवाल द्वारा भागीरथी प्रयासों से स्वीकृत कराया गया था।

माननीय रेलमंत्री महोदय से मेरा अनुरोध है कि रामगंजमंडी-भोपाल रेल लाईन को पर्याप्त बजट उपलब्ध कराएं तथा निर्माण कार्य में भी गति प्रदान करें, जिससे क्षेत्र के जीरापुर, खिलचीपुर, राजगढ़, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, कुरावर व औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हो और क्षेत्रवासियों को रेलमार्ग की सौगात मिल सके।